आज दिनांक 19.04.2022 को श्री योगेन्द्र सिंह, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, समस्तीपुर की अध्यक्षता में जिला गुणवत्ता यकीन समिति की बैठक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय प्रकोष्ठ में आहुत की गई, जिसकी कार्यवाही निम्न है :—

उपस्थिति :— पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम सिविल सर्जन द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया।

❖ कार्यपालक अभियंता, PHED विभाग, समस्तीपुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शिवाजीनगर का पानी की जाँच करने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन :— कार्यपालक अभियंता, PHED विभाग, समस्तीपुर)

❖ सदर अस्पताल द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन जेनरल वेस्ट का उठाव नहीं होने के कारण कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, समस्तीपुर को सदर अस्पताल, समस्तीपुर से जेनरल वेस्ट का उठाव प्रतिदिन कराने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन :— कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, समस्तीपुर)

❖ रेफरल अस्पताल, ताजपुर के भवन का Hand Over एवं बाउण्ड्रीवाल के लिए BMSICL से समन्वय स्थापित करते हुए हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगें। हस्तगत नहीं होने की स्थिति में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक कराने हेतु आदेशित किया गया।

(अनुपालन :— जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सिविल सर्जन, समस्तीपुर)

❖ समस्तीपुर जिलान्तर्गत वैसे संस्थान जहाँ बाउण्ड्रीवाल पूर्णरूपेन नहीं है वैसे संस्थान की सूची उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर को उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया।

(अनुपालन :— जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सिविल सर्जन, समस्तीपुर)

❖ बैठक में पी0पी0टी0 के माध्यम से दिखाए गए कायाकल्प कार्यक्रम अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, दलसिंहसराय, पटोरी, रेफरल अस्पताल, ताजपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विभूतिपुर, कल्याणपुर, सिंघिया, उजियारपुर एवं मो0नगर के उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को उपलब्धि हासिल करने हेतु आदेशित किया गया।

(अनुपालन :— संबंधित उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदा0, समस्तीपुर जिला)

❖ बैठक में पी0पी0टी0 के माध्यम से दिखाए गए लक्ष्य कार्यक्रम अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, दलसिंहसराय, पूसा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोरवा के उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को उपलब्धि हासिल करने हेतु आदेशित किया गया।

(अनुपालन :— संबंधित उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदा0, समस्तीपुर जिला)

❖ बैठक में पी0पी0टी0 के माध्यम से दिखाए गए NQAS कार्यक्रम अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, गद्दो वाजितपुर (दलसिंहसराय), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसनपुर, सिंघिया,, उजियारपुर एवं मोरवा तथा सदर अस्पताल, समस्तीपुर को उपलब्धि हासिल करने हेतु आदेशित किया गया।

(अनुपालन :— संबंधित उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदा0, समस्तीपुर जिला)

❖ परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु डॉ0 गिरीश कुमार (Minilap Trained), चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, समस्तीपुर एवं डॉ0 राकेश कुमार (Minilap & NSV Trained), चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, पूसा को Empannel किया गया।

(अनुपालन :— सभी संबंधित पदाधिकारी, समस्तीपुर)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/-	ह०/-	ह०/-
सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।	उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।	जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।

310

ज्ञापांक : 142 / डी0एच0एस0, समस्तीपुर दिनांक : 28/04 / 2022

प्रतिलिपिः अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, समस्तीपुर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः DTL, Care India, Samastipur को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (आशा) एवं जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी उपाधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, समस्तीपुर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी सदस्य, जिला गुणवत्ता यकीन समिति, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (गुणवत्ता यकीन), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिःकार्यपालक अभियंता (PHED) एवं नगर निगम, विभाग समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22/4/22 23.4.22

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।	उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।	जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।